प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 14.10.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. **प्रदेश सरकार ने दीपावली पर राज्य कर्मचारियों के लिये किया बोनस का ऐलान : लगभग 14 लाख 82 हजार कर्मचारी होंगे लाभान्वित।**
2. **राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत दो निःशुल्क एलपीजी सिलेंडर रिफिल देने का लिया निर्णय : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल करेंगे योजना का शुभारंभ।**
3. **रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज वर्चुअली तीन नई डोर–टू–डोर माल और पार्सल सेवाओं का किया उद्घाटन : कहा– यह सेवा देश के लिए आवश्यक।**

**और**

4. **अयोध्या में दीपोत्सव 2025 को सुरक्षित बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने किए पुख्ता इंतजाम : श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए बनाए जा रहे 15 अस्थाई अस्पताल।**

———————

**प्रदेश सरकार ने दीपावली के अवसर पर राज्य कर्मचारियों को वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए बोनस देने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, राज्य**

सरकार के कर्मचारियों को उत्पादकता असम्बद्ध बोनस मंजूर किया गया है। इस निर्णय से राज्य सरकार के लगभग 14 लाख 82 हजार कर्मचारी लाभान्वित होंगे। इसमें राज्य कर्मचारी, राज्य निधि से सहायता प्राप्त शिक्षण एवं प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं के कर्मचारी, स्थानीय निकायों और जिला पंचायतों के कर्मचारी, राजकीय विभागों के कार्य प्रभारित एवं दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी सम्मिलित हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह निर्णय कर्मचारियों के परिश्रम और निष्ठा के प्रति राज्य सरकार की सराहना का प्रतीक है।

———————

प्रदेश सरकार ने दीपावली के अवसर पर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और वंचित परिवारों को राहत देते हुए दो निःशुल्क एलपीजी सिलेंडर रिफिल देने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल लोकभवन सभागार में इस योजना का शुभारंभ करेंगे और पात्र महिलाओं को मुफ्त सिलेंडर रिफिल का उपहार सौंपेंगे। यह वितरण वित्तीय वर्ष 2025–26 में दो चरणों में किया जाएगा। पहला चरण अक्टूबर 2025 से दिसंबर 2025 तक और दूसरा चरण जनवरी 2026 से मार्च 2026 तक। इस योजना के क्रियान्वयन के लिए प्रदेश सरकार ने 1500 करोड़ रुपये की धनराशि का प्रावधान किया है।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में आवास विभाग की समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश के नगरों के तीव्र गति से बदलते विकास स्वरूप को देखते हुए अब एक व्यापक शहरी पुनर्विकास नीति की आवश्यकता है। पेश है एक रिपोर्ट.....

*मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि नई नीति का उद्देश्य पुराने, जर्जर और अनुपयोगी क्षेत्रों को आधुनिक शहरी बुनियादी ढाँचे, पर्याप्त सार्वजनिक सुविधाओं और पर्यावरणीय संतुलन के साथ विकसित करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नई नीति में राज्य स्तरीय पुनर्विकास प्राधिकरण, परियोजनाओं की सिंगल विंडो अप्रूवल प्रणाली और पीपीपी मॉडल को प्राथमिकता दी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि नगरों की ऐतिहासिक विरासत और सांस्कृतिक पहचान के संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में नगरीय क्षेत्रों में विकास प्राधिकरणों द्वारा लिए जाने वाले बाह्य विकास शुल्क पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि कृषि एवं औद्योगिक उपयोग की भूमि पर बाह्य विकास शुल्क, आवासीय और व्यावसायिक उपयोग की तुलना में कम होना चाहिए। समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।*

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि ग्राम पंचायतों की समृद्धि ही आत्मनिर्भर भारत की नींव है। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि हर ग्राम पंचायत सेवा, स्वच्छता और स्वावलंबन की प्रतीक बने। आज पंचायती राज विभाग की समीक्षा बैठक मं मुख्यमंत्री ने कहा कि पारदर्शिता और तकनीकी उपयोग के माध्यम से ग्राम पंचायतों की राजस्व प्राप्ति और जनसेवा की गुणवत्ता दोनों में सुधार सुनिश्चित किया जाए।

———————————

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकारने आतंकवाद के प्रति ज़ीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। श्री शाह ने कहा कि देश को आतंकवादी खतरों से बचाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। हरियाणा क मानेसर मे राष्ट्रीय सुरक्षागार्ड– एनएसजी के 41वें स्थापना दिवस पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए, श्री शाह ने कहा कि एनएसजी देश में संगठित अपराध और आतंकवाद से निपटने में अग्रणी रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड उत्तर प्रदेश के अयोध्या में एक केंद्र स्थापित करेगा। बाइट.....

*पूरा देश आज एनएसजी की बहादुरी, वीरता और समर्पण पर पूरा देश ना करता है और आने वाले दिनों में हम एनएसजी के काम में भी बहुत बड़ा बदलाव करने जा रहे हैं। छह हब अब तक एनएसजी के बन चुके हैं। मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, हैदराबाद, अहमदाबाद, जम्मू टास्क फोर्स और अब अयोध्या में भी बनने जा रहा है।*

———————————

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज वर्चुअल माध्यम से तीन नई डोर–टू–डोर माल और पार्सल सेवाओं का शुभारम्भ किया। इनमें लखनऊ मंडल के सोनिक गुड्स शेड पर "डोर–टू–डोर लॉजिस्टिक्स सेवा" भी शामिल है। मीडिया को जानकारी देते हुए, श्री वैष्णव ने कहा कि डोर–टू–डोर सेवा की दक्षता देश के लिए अत्यंत आवश्यक

है। उन्होंने आगे कहा कि यह सेवा वास्तविक दक्षता को बढ़ावा देगी और लॉजिस्टिक लागत को कम करेगी।

——————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आज लखनऊ में ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के 10वें दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में कुल 146 पदक प्रदान किए गए। समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि दीक्षांत समारोह किसी भी विश्वविद्यालय का केवल औपचारिक आयोजन नहीं होता, बल्कि यह उस संस्था की शैक्षणिक यात्रा का उज्ज्वल पड़ाव होता है। बाइट.....

*दीक्षांत समारोह किसी भी विश्वविद्यालय का केवल औपचारिक आयोजन नहीं होता बल्कि यह उस संस्था की शैक्षणिक यात्रा का उज्जवल भविष्य होता है। यह दिन विश्वविद्यालय के लिए भी गौरव का है और उन छात्र छात्राओं के लिए जीवन का अस्मरणीय प्रसंग है।*

———————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीएसटी सुधारों की घोषणा की थी जो पिछले महीने की 22 तारीख से लागू हो गये हैं। प्रधानमंत्री ने इसे बचत उत्सव का नाम दिया है और इससे पूरे देश को लाभ हो रहा है। एक रिपोर्ट......

*जीएसटी दरों में कमी से पारंपरिक और क्षेत्रीय उत्पाद अब ज्यादा किफायती हो गए हैं जिससे स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा मिल रहा है। जीएसटी में इस बदलाव से अदरक, हल्दी, बांस और फलों जैसी पैकेज्ड और प्रसंस्कृत वस्तुओं पर कर की दर 18ः से घटकर 5ः हो गई है। जीएसटी में कटौती से स्थानीय सामान सस्ता हुआ है और ग्रामीण व अर्ध शहरी क्षेत्रों में रोजगार को बढ़ावा मिला है। इसके साथ ही पर्यटन राज्य की अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और 7500 रूपये तक के होटल में रहने पर 5ः जीएसटी लगने से अब राज्य के पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा, जिससे स्थानीय व्यवसायों और राज्य के लोगों को मदद मिलेगी इशानी और सौम्या के साथ दिलनशी आरजू, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

———————————

कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं विभाग ने जिला कारागार आजमगढ़ के अधीक्षक आदित्य कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई उनके विरुद्ध वित्तीय अनियमितताओं और अपने पदीय कर्तव्यों के सम्यक निर्वहन में विफल पाए जाने के कारण की गई है।

———————————

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो ने लखनऊ के डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्व विद्यालय में सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष

पूरे होने पर पाँच दिवसीय चित्र प्रदर्शनी लगाई है। प्रदर्शनी का उद्‌घाटन प्रगतिशील किसान और पदम श्री राम शरण वर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि इस पहल से सरकारी योजनाओं की जानकारी आम जनता को मिल रही है। बाइट.....

*सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने जो ग्यारह साल सेवा सुशासनहमारे माननीय मोदी जी प्रधानमंत्री जी के हुए है भारत सरकार के उसके लिए प्रदर्शनी लगाई गयी है की लोगों को जानकारी पहुँचे की हमारी सरकार कितना अच्छा अच्छा काम गरीब समाज एवं कल्याण एवं किसान एवम जितने भी वर्ग हैं उनके लिए कितना अच्छा काम कर रही है।*

इस अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो लखनऊ के निदेशक मनोज कुमार वर्मा ने आम नागरिकों को प्रदर्शनी देखने के लिए आमंत्रित किया।

———————————

अयोध्या में दीपोत्सव 2025 को पूर्णतः सुरक्षित बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। इस बार दीपोत्सव में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए 15 अस्थायी चिकित्सालय बनाए जा रहे हैं। साथ ही संपूर्ण मेला क्षेत्र में 10 स्थानों पर चौबीसों घंटे एंबुलेंस की तैनाती की जायेगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुशील कुमार बानियान ने बताया कि दीपोत्सव के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर पूरी सतर्कता बरती जाएगी।

वहीं दीपोत्सव–2025 में रामायण के सात कांडों पर आधारित झांकियों का भव्य प्रदर्शन किया जाएगा। शोभायात्रा में प्रभु श्रीराम के बालकांड से लेकर उत्तरकांड तक की प्रसंगों को कलाकार झांकियों के माध्यम से जीवंत रूप में प्रस्तुत करेंगे।

(समाप्त)